गोरखपुर में नकली पनीर फैक्ट्री का भंडाफोड़, दूध की जगह होता था मिल्क पाउडर-डिटर्जेंट का यूज, कभी डेयरी चलाने वाला खालिद निकला मास्टरमाइंड




उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में बड़ी मात्रा में नकली पनीर बरामद हुआ है. खाद्य विभाग ने छापेमारी के दौरान 250 किलोग्राम नकली सिंथेटिक पनीर जब्त किया है. इसे हानिकारक केमिकल और डिटर्जेंट से बनाया जा रहा था. हर महीने इस नकली पनीर को बेचकर लाखों रुपये की कमाई की जा रही थी. फिलहाल, नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री को सील कर दिया गया है.

आपको बता दें कि गोरखपुर के खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मंगलवार देर शाम जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर उत्तर पिपराइच कस्बे के पास स्थित बरईपार गांव...

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/fake-paneer-factory-busted-in-gorakhpur-milk-powder-and-detergent-were-used-instead-of-milk-khalid-is-mastermind-cheese-case-lclam-strc-2248951-2025-05-26